Title: Need to declare Allahabad University in Uttar Pradesh as a Central University.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) :महोदय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय वर्तमान समस्त केन्द्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों में, (केवल कलकत्ता विश्वविद्यालय छोड़ कर) प्राचीनतम है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना तत्कालीन लैफ्टिनेंट गर्वनर उत्तर प्रदेश सर एलफ्रेड कामिन्स लायल एक विद्वान तथा तत्कालीन शिक्षा मंत्री के प्रयास द्वारा सन् 1887 में हुई। इस विश्वविद्यालय के दो छात्र सन् 1942 और 1947 में देश के लिए शहीद हो गए। इस विश्वविद्यालय से ही शिक्षा प्राप्त करके कुछ माननीय व्यक्तियों ने देश का महत्वपूर्ण तथा सर्वोच्च पद ग्रहण किया है। इस विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय में बदलने के लिए वर्षों से मांग उठती रही है परन्तु सरकार की तरफ से इस संबंध में आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाए जाने के लिए तुरंत कार्यवाही की जाए। देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान निभाने वाले इस विश्वविद्यालय को देश-विदेश में केन्द्रीय विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाए तथा शिक्षा में और ज्यादा महत्वपूर्ण योगदान दे सके।